संपादकीय

# और बदरंग हुआ चेहरा

पिछले साल तक वह प्रेस फ्रीडम के लिहाज से 'समस्याग्रस्त' देशों की श्रेणी में था। अब उसे उन देशों के बीच रखा गया है, जिनकी स्थिति 'अत्यंत गंभीर' मानी गई है। इस रिपोर्ट में कही गई कुछ बातें ध्यान खींचती हैं।

इस बार विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर जारी हुए प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत का चेहरा कुछ और बदरंग दिखा है। यह इंडेक्स पेरिस स्थित संस्था रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर जारी करती है। पिछले कई वर्षों से इस सूचकांक पर भारत का दर्जा गिरता गया है। पिछले साल इस सूची में 150वें नंबर पर था। इस बार वह 11 स्थान गिर कर 161वें नंबर पर पहुंच गया। इस इंडेक्स में भारत अब सबसे निचली श्रेणी में है। पिछले साल तक वह प्रेस फ्रीडम के लिहाज से 'समस्याग्रस्त' देशों की श्रेणी में था। अब उसे उन देशों के बीच रखा गया है, जिनकी स्थिति 'अत्यंत गंभीर' मानी गई है। इस रिपोर्ट में कही गई कुछ बातें ध्यान खींचती हैं। मसलन, यह कि भारत में कुछ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनी-मानी मित्रों ने मीडिया पर कब्जा जमा लिया है। कहा गया है कि कभी भारतीय प्रेस को अपेक्षाकृत प्रगतिशील समझा जाता था, लेकिन हिंदू राष्ट्रवादी प्रधानमंत्री के सत्ता में आने के बाद स्थितियां बदल गईं। इसमें बीबीसी के दफ्तर पर मारे गए छापे का जिक्र है और उसका सीधा संबंध बीबीसी पर गुजरात दंगों के बारे में दिखाई गई डॉक्यूमेंटरी से बताया गया है।

रिपोर्ट कहती है कि वैसे तो दुनिया भर में प्रेस की आजादी के लिए संकट पैदा हो रहा है। दुष्प्रचार, एकतरफा प्रचार और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने पत्रकारिता के लिए खतरे पैदा कर दिए हैं। इन खतरों के बीच सच और झूठ, सही और गलत की पहचान मुश्किल हो गई है। मगर इन विश्वव्यापी प्रवृत्तियों के बीच कुछ देश ऐसे हैं, जहां हालात बेहद गंभीर रूप ले चुके हैं। ऐसे देशों में रूस, तुर्किये और ताजिकिस्तान के साथ-साथ भारत का भी जिक्र किया गया है। पिछले वर्षों के तजुर्बे के आधार पर यह तो साफ है कि मौजूदा भारत सरकार ऐसी रिपोर्टों की तनिक भी परवाह नहीं करती। उसके बाद ऐसी हर रिपोर्ट का तैयारशुदा जवाब है, जिसमें भारत का दर्जा गिरता दिखाया जाता है। मगर भारत की सत्ताधारी पार्टी ही और आज की सरकार ही भारत नहीं हैं। एक देश और लोकतांत्रिक समाज के तौर पर भारत के लिए यह रिपोर्ट पहले से जारी चिंताओं को और बढ़ा गई है।

# इंटेल में एक बार फिर चलेगी छंटनी की तलवार, रिकॉर्ड घाटे के बाद कंपनी ने लिया फैसला



**नईदिल्ली।** मंदी के डर से कई बड़ी कंपनियां अपने कर्मचारियों को निकालने का एलान कर चुकी है। इस बीच चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनी ने भी बड़ी छंटनी का एलान किया है।

ग्लोबल लेवल पर पर्सनल कंप्यूटर की कम बिक्री और अनिश्चित आर्थिक स्थितियों के कारण कमजोर फाइनेंशियल रिजल्ट के चलते अमेरिका की चिप बनाने वाली कंपनी इंटेल एक बार फिर कर्मचारियों को निकालने की योजना बना रही है। हालांकि, कंपनी ने ऑफिशियली अभी छंटनी की पुष्टि नहीं की है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, इंटेल हर बोर्ड भर में नौकरियों में छंटनी करेगा और यह कदम कंपनी के लांग टर्म ग्रोथ को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया था।

यूएस-आधारित सेमीकंडक्टर बनाने वाली कंपनी ने पिछले साल की सितंबर तिमाही के फाइनेंशियल रिजल्ट के बाद भी इसी तरह के कदम उठाए थे।

उस समय, इंटेल ने अपने कुछ कर्मचारियों के लिए कारखाने के काम के घंटे कम करके लागत में कटौती करने की योजना बनाई है। लगभग इसी अवधि में, कंपनी ने छंटनी के पहले दौर की घोषणा की थी और इसका असर बेंगलुरु ऑफिस में काम करने वाले कुछ कर्मचारियों पर भी पड़ा था।

इंटेल ने पिछले महीने 2023 की पहली तिमाही के फाइनेंशियल रिजल्ट जारी किए थे। कंपनी ने बताया था कि इस तिमाही के दौरान उसका रेवेन्यू सालाना आधार पर 36 प्रतिशत घटकर 11.7 अरब डॉलर रह गया।

हालांकि, कंपनी के अनुमान की तुलना में उसकी आय 20 करोड़ डॉलर अधिक रही। तिमाही के दौरान कंपनी को 2.8 अरब डॉलर का नुकसान भी हुआ क्योंकि इसका सकल मार्जिन घटकर 38.4 फीसदी रह गया।

रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश नहीं डाला गया है कि प्रभावित इंटेल कर्मचारियों को टर्मिनेशन लेटर मिलना शुरू हो गया है या नहीं।

इंटेल ने कहा कि वह चुनौतीपूर्ण मैक्रो-इकोनॉमिक वातावरण से निपटने के लिए अपनी रणनीति में तेजी लाने के लिए काम कर रही है। इसके साथ ही कंपनी के अधिकारी ने यह भी कहा कि हम अपने खर्च को कम करके काम करने की क्षमता को बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में हम अलग-अलग डिपार्टमेंट में छंटनी का प्लान कर रहे हैं।

इससे पहले गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, ट्विटर, मेटा, अमेजन आदि जैसी कई बड़ी कंपनियां कई चरण में छंटनी का एलान कर चुकी है। इन कंपनियों ने मंदी के डर से पिछले कुछ महीनों में हजारों कर्मचारियों को निकाला है। अब बारी इंटेल छंटनी की है।

# ट्विटर को लेकर एलोन मस्क का एलन, जल्द ही मिलेगा नया फीचर



**नईदिल्ली।** एलन मस्क ट्विटर ऐप के लिए नए अपडेट लाने वाले हैं। इस बात की घोषणा इलॉन मस्क ने बुधवार को अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर की।

बता दें कि ऐप के नया वर्जन में यूजर्स अब डीएम रिप्लाई कर सकेंगे, जिसका मतलब है कि यूजर्स अब किसी भी रिसीव हुए मैसेज का रिप्लाई दे सकेंगे, न केवल सबसे रिसेंट मैसेज का।

ट्विटर ऐप के नए वर्जन में यूजर इंस्टाग्राम या वॉट्सऐप की तरह ही यूजर डीएम के लिए इमोजी की एक बड़ी सीरीज के साथ रिएक्शन दे सकेंगे।

इसके साथ ही ट्विटर भी अब एन्क्रिप्टेड डीएम 1.0 के साथ आ रहा है, जो कि उपयोगकर्ताओं के बीच डीएम को और भी सुरक्षित बनाएगा।

मस्क का कहना है कि इस फीचर का 'एसिड टेस्ट' तब होगा, जब कोई भी यूजर किसी दूसरे यूजर के सिर पर बंदूक रखने के बाद भी उसका डीएम नहीं देख पाएगा।

इसके अलावा, ट्विटर ऐप में एक और नई सुविधा आने वाली है, जो कि ट्विटर पर वॉयस और वीडियो चैट को भी सपोर्ट करेगी।

मस्क ने कहा कि इस फीचर के रोल आउट होने से यूजर बिना नंबर दिए दुनिया में कहीं भी लोगों से बात कर सकेंगे।

# पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है।

इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.57 डॉलर यानी 0.74 फीसदी की गिरावट के साथ 76.87 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।

# ऑल इंडिया विंडसर्फिंग, काइटबोर्डिंग चैंपियनशिप 11 से 14 मई तक चेन्नई के कोवलम में



**नई दिल्ली।** पहली ऑल इंडिया विंडसर्फिंग और काइटबोर्डिंग चैंपियनशिप 11 से 14 मई तक चेन्नई शहर से करीब 40 किलोमीटर दूर ईस्ट कोस्ट के कोवलम में आयोजित की जाएगी।यह टूर्नामेंट युवा कल्याण और खेल विकास विभाग के सहयोग से तमिलनाडु सेलिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में चेन्नई सेलिंग अकादमी (सीएसए) द्वारा आयोजित किया जाएगा।भारतीय सेना और भारतीय नौसेना के सेलिंग क्लबों सहित 14 क्लबों का प्रतिनिधित्व करने वाले 16 से अधिक राज्यों के 48 से अधिक शीर्ष विंडसर्फर और काइटबोर्डर्स 4 दिवसीय आयोजन में भाग लेंगे।

यह यॉटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा अधिकृत एक 'रैंकिंग इवेंट' है, जो भारत में नौकायन के खेल के लिए फेडरेशन है, जो भारतीय नौसेना द्वारा अपने अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रशासित है, जो नौसेना स्टाफ के प्रमुख हैं।यह चैंपियनशिप ईसीआर के कोवलम में सर्फ टर्फ बीच पर आयोजित की जाएगी और इसका उद्घाटन 11 मई को तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा किया जाएगा।सीएसए की एक विज्ञप्ति में आज कहा गया कि यह स्थल एक प्रमुख सर्फिंग केंद्र होने और अपने वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग महोत्सव के लिए प्रसिद्ध होने के कारण बहुत लोकप्रिय है।

अरुण वासु, (चेन्नई में पानी के खेल में अग्रणी और सर्फ टर्फ के संस्थापक) और अरुण मिरांडा, (सीएसए के उपाध्यक्ष और आयोजन के अध्यक्ष) ने एक संयुक्त बयान में कहा, यह इवेंट रैंकिंग इवेंट्स में से एक है, एथलीटों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे जमकर प्रतिस्पर्धा करें क्योंकि उनका प्रदर्शन निर्धारित करता है कि क्या वे एशियाई खेलों 2023 और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, या नहीं।विंडसर्फिंग और काइटबोर्डिंग अपनी रंग-बिरंगी पालों और पतंगों के साथ देखने में आकर्षक खेल है।

# लगातार तीसरी जीत से शीर्ष चार में जगह बनाने उतरेगा केकेआर

**कोलकाता।** पिछले कुछ मैचों में अच्छे प्रदर्शन से प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ( केकेआर) की टीम गुरुवार को यहां संघर्षरत राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष चार में जगह बनाने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

दो बार के चैंपियन केकेआर ने करो या मरो की स्थिति में पहुंचने के बाद शानदार प्रदर्शन किया तथा सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के खिलाफ अंतिम गेंद तक पहुंचे पिछले दोनों मैचों में जीत दर्ज करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा।

इन दोनों मैचों में जीत से केकेआर का न सिर्फ मनोबल बढ़ा बल्कि वह अंक तालिका में आठवें से छठे स्थान पर पहुंच गया। अभी केकेआर और राजस्थान रॉयल्स सहित चार टीमों के समान 10 अंक हैं।

अभी भले ही नेट रन रेट के आधार पर रॉयल्स की टीम आगे हो लेकिन यदि केकेआर इस मैच में जीत दर्ज करता है तो समीकरण भी बदल जाएंगे और नितीश राणा की अगुवाई वाली टीम शीर्ष चार टीम में जगह बना देगी।



केकेआर की टीम जहां पिछले दोनों मैच में जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं वही पिछले सत्र का उपविजेता राजस्थान रॉयल्स लगातार तीन मैचों में हार से पस्त है। राजस्थान रॉयल्स की टीम अपनी गलत रणनीति के कारण 200 रन से अधिक के स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही और अब वह करो या मरो की स्थिति में पहुंच गई है।

केकेआर की टीम गेंदबाजी में सबसे वरुण चक्रवर्ती पर निर्भर रहेगी जिन्होंने उसकी पिछली दोनों जीत में अहम भूमिका निभाई थी। सनराइजर्स के खिलाफ जहां चक्रवर्ती ने अंतिम ओवर में नौ रन का सफलतापूर्वक बचाव किया वहीं पंजाब के खिलाफ उनकी गेंदबाजी ने अंतर पैदा किया।

# आईपीएल-फाफ डु प्लेसिस ने आरसीबी के लिए पूरे किए 1000 रन



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने इंडियन प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए 1000 रन पूरे किए।

वानखेड़े स्टेडियम में मंगलवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच में फाफ 41 गेंदों में 65 रन (पांच चौके और तीन छक्के) की शानदार पारी खेल इस मुकाम तक पहुंचे।

फाफ 2022 में एक कप्तान के रूप में आरसीबी में शामिल हुए, उन्होंने टीम के लिए 27 आईपीएल मैच खेले हैं और 41.76 की औसत और 142.62 की स्ट्राइक रेट से 1044 रन बनाए हैं। उन्होंने 96 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ टीम के लिए नौ अर्धशतक बनाए हैं।

आईपीएल के मौजूदा सत्र में, आरसीबी के कप्तान फाफ वर्तमान में 11 मैचों में 576 रन बनाकर 'ऑरेंज कैप' धारक हैं। वह 57.60 की औसत और 157.81 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उन्होंने अब तक छह अर्धशतक लगाए हैं।

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने अपना पहला मैच 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ खेला था। सीएसके के लिए, उन्होंने 92 मैचों में 35.34 की औसत से 2721 रन बनाए। उन्होंने येलो आर्मी के लिए 20 अर्धशतक बनाए। फाफ अब बंद हो चुकी राइजिंग पुणे सुपरजायंट का भी हिस्सा थे, उन्होंने आठ मैच खेले और 30 से अधिक की औसत से दो अर्द्धशतक के साथ 214 रन बनाए।

फाफ ने अपने आईपीएल करियर में 127 मैचों में 36.50 की औसत और 133.93 की स्ट्राइक रेट से 3,979 रन बनाए हैं। उन्होंने 96 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 31 अर्धशतक लगाए हैं।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन आपके लिये सफलता दायक रहेगा। नौकरी अथवा व्यवसाय में आशा के अनुकूल कार्य होने से अन्य लोगों से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। धन लाभ भी अवश्य होता रहेगा जिससे भविष्य की योजनाएं बलवती होंगी।

***वृष :*** आज का दिन उतार चढ़ाव वाला रहेगा। स्वभाव में थोड़ा क्रोध रह सकता है फिर भी दैनिक कार्यो में इसका असर नहीं पड़ेगा। आज आप यथार्थ पर कम अमल करेंगे काल्पनिक बाते ज्यादा प्रभावित करेंगी।

***मिथुन :*** स्वास्थ्य सम्बंधित विषयों को छोड़ आज का दिन सामान्य रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिल रहने के कारण कार्य व्यवसाय में मन कम ही लगेगा फिर भी मध्यान के आस-पास आकस्मिक धन आगम होने से ख़ुशी मिलेगी।

***कर्क :*** आज का दिन कार्य व्यवसाय के लिए उत्तम रहेगा फिर भी उधारी के व्यवहार यथा संभव ना ही करे अन्यथा धन निश्चित रूप से फंसेगा। नौकरी पेशा जातक भी बेहतर कार्य के लिए सम्मानित होंगे।

***सिंह :*** आज परिस्थितियां बदलने से दिनचर्या में भाग-दौड़ लगी रहेगी। पूर्वनियोजित कार्यक्रमो में भी बदलाव करना पड़ सकता है। अधिक क्रोध एवं व्यवहार का तीखापन बनते कार्य बिगाड़ सकता है सतर्क रहें।

***कन्या :*** आज के दिन आपके मस्तिष्क में विचारों की भरमार रहेगी स्वभाव में भी पल पल में परिवर्तन आएगा जिस कारण अन्य व्यक्ति आपके बारे में गलत धारणा रख सकते है। प्रतिस्पर्धी से सावधान रहें। कार्यो में विलम्ब एवं असफलता के कारण मनोबल टूट सकता है।

***तुला :*** आपका आज का दिन सामान्य रहेगा। प्रात: काल के समय किसी प्रियजन से विवाद होने के कारण दिन भर की क्रियाएं अस्त-व्यस्त रह सकती हैं। मानसिक रूप से भी अशान्त रहेंगे। मन की दुविधा कार्यो में बाधा डालेगी।

***वृश्चिक :*** आज का दिन बीते कुछ समय से बेहतर रहेगा। स्वास्थ्य अनुकूल बने रहने से कार्यो के प्रति अधिक गंभीर रहेंगे। प्रात: काल से ही अधूरे पड़े कार्यो को पूर्ण करने में जुट जाएंगे। आर्थिक रूप से भी आज का दिन सहायक रहेगा।

***धनु :*** आज के दिन आप धैर्य धारण करेंगे। संतोषी वृति रहने के कारण भाग-दौड़ से दूर रहेंगे। आपके विचार उच्च कोटि के रहेंगे परन्तु स्वयं के ऊपर इन्हें लागू करने में असमर्थ होंगे। कार्य क्षेत्र पर आपके सामने सभी प्रशंसा करेंगे परन्तु पीछे से आलोचना होगी।

***मकर :*** आपका आज का दिन भी शुभफलदायक रहेगा। सेहत उत्तम बनी रहेगी। कार्यो को पूर्ण निष्ठा से करेंगे थोडी बहुत लापरवाही भी कर सकते है फिर भी लाभ के अवसर हाथ से नहीं निकलने देंगे।

***कुंभ :*** आज के दिन आपके साथ किसी अन्य के भरोसे रहने के कारण धोखा हो सकता है। आवश्यक कार्यो में लापरवाही न करें। घर एवं बाहर का वातावरण सामान्य रहेगा।

***मीन :*** रोजगार के लिए उत्तम समय है। घर एवं कार्य क्षेत्र के अंदरूनी मामलो को लेकर दुविधा में फंस सकते है। भागीदारी अथवा कमीशन के कार्यो में अचानक रूकावट आने से धन लाभ कम होगा।

# फिल्म आदिपुरुष का ट्रेलर हुआ रिलीज, प्रभास बने भगवान श्रीराम; पर्दे पर दिखी रामायण की झलक




फिल्म आदिपुरुष पिछले काफी समय से चर्चा में है। दर्शक लंबे समय से इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है। फिल्म भले ही कई बार विवादों से घिरी रही हो, लेकिन दर्शक एक बार फिर रामायण को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं। दुनियाभर के डिजिटल प्लेटफॉर्म और थिएटर में एक साथ आदिपुरुष का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 70 देशों में इसका ट्रेलर लॉन्च किया गया है।

ट्रेलर में राम के वनवास जाने से लेकर हनुमान मिलन, लंका दहन और उस पर वानर सेना की चढ़ाई तक दिखाई गई है। फिल्म की पूरी स्टारकास्ट की झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। भगवान श्रीराम बने प्रभास को पराक्रमी योद्धा के रूप में दिखाने की कोशिश की गई है, जो रावण (सैफ अली खान) का घमंड तोडऩे के लिए लौट आए हैं। सीता माता सीता के किरदार में कृति सैनन भी जंच रही हैं।

मुंबई में एक दिन पहले एआईबी सिनेमा पर प्रशंसकों के लिए इसकी स्क्रीनिंग रखी गई थी और रिलीज होने से पहले ही लोगों ने सोशल मीडिया पर इसे लीक कर दिया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया।

# द केरला स्टोरी ने पास किया लिटमस टेस्ट, 50 करोड़ के करीब पहुँची




निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की सुदीप्तो सेन निर्देशित फिल्म द केरला स्टोरी ने अभिनेत्री अदा शर्मा को हिन्दी सिनेमा के दर्शकों से बेहतरीन तरीके से रू-ब-रू कराने में सफलता प्राप्त कर ली है। विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी 1920 से अपना करियर शुरू करने वाली अदा शर्मा विपुल अमृतलाल शाह की कमांडो सीरीज में लगातार दिखाई देती रही हैं। द केरला स्टोरी उनकी पहली बहुप्रचारित और बहु सफल फिल्म साबित हुई है। पिछले चार दिन से यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई करने में लगी है। द केरल स्टोरी रिलीज के बाद से ही बहस का मुद्दा बनी हुई है। इस फिल्म को लेकर राजनितिक पार्टी पर भी जमकर बयानबाजी कर रही हैं।

# घर आए मेहमानों को खिलाएं रेस्टोरेंट जैसा 'समोसा रोल'



अगर आप घर आए मेहमानों को खिलाना चाहते हैं कुछ टेस्टी स्नैक्स, तो समोसा रोल कर सकते हैं ट्राय। नो डाउट इसे खाकर वो हो जाएंगे आपके फैन।

## विधि :

**बाहरी भाग के लिए**

- मैदे में सूजी, नमक, तेल और पानी डालकर मुलायम आटा गूंध लें।
- सूती कपड़े को गीला कर निचोड़ के आटे के ऊपर ढककर 15-20 मिनट के लिए ढककर रख दें।

**भरावन के लिए**

- उबले आलू को छीलकर मसल लें।
- उबले मटर को पानी से निकाल कर हल्का मसल के आलू में मिला दें।
- नमक, हरी मिर्च, गरम मसाला, सौंफ पाउडर, जीरा पाउडर, धनिया पाउडर और कटी हुई हरी धनिया डालकर अच्छे से मिला दें। इस मिश्रण के दो भाग करके अलग-अलग रख दें।

**रोल बनाने के लिए**

- गूंधे आटे को एक बार और गूंध लें फिर उसके दो भाग कर लें। अब एक भाग लेकर करीब 15 इंच की रोटी बेल लें।
- भरावन की सामग्री का एक भाग रोटी के ऊपर फैला दें।
- रोटी को पतला-पतला रोल करें। करीब 5-6 बार रोल कर दें। थोड़ा पानी लगाकर कर रोल को चिपका दें।
- एक तेज धार के चाकू से करीब आधे इंच पतले टुकड़े काट लें।
- आटे के दूसरे हिस्से से भी ऐसा ही करें।
- मैदे को पानी में मिलाकर पतला घोल बना लें। कड़ाही में तेल डालकर गर्म करें।
- एक रोल लेकर मैदे के घोल में डुबोकर गरम तेल में डालें। इसी तरह से 5-6 रोल तेल में डाल दें। मीडियम आंच पर रोल को सुनहरा और करारा होने तक तल कर टिश्यू पेपर पर निकाल लें। इसी तरह से सारे रोल तल लें।
- गरम-गरम समोसा रोल हरी चटनी या टोमैटो सॉस के साथ परोसें।

## शब्द सामर्थ्य- 60

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 059 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 60

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 059 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |